<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

इरेडा के सीएमडी ने एमएनआरई के नए सचिव का स्वागत किया

नई दिल्ली, 21 अप्रैल 2025

आज भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री प्रदीप कुमार दास ने डॉ. संतोष कुमार सारंगी का हार्दिक स्वागत किया, जिन्होंने नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में सचिव का कार्यभार संभाला है।

एमएनआरई में शिष्टाचार मुलाकात के दौरान, श्री दास ने डॉ. सारंगी को पिछले पांच वर्षों में इरेडा की प्रमुख पहलों और उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। बातचीत में अभिनव वित्तपोषण समाधानों और रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से भारत सरकार के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए इरेडा की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया।

सीएमडी ने नवीकरणीय ऊर्जा के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को सुविधाजनक बनाकर देश को स्वच्छ ऊर्जा की ओर ले जाने में तेजी लाने में इरेडा की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।